Student
# HANDBOOK




10
Years of Excellence

SHAILDEVI MAHAVIDYALAYA
आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः

# SHAILDEVI MAHAVIDYALAYA

Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg (Chhattisgarh)

# Affiliation & Recognition

**Managed By :**

Shaildevi Educational Society, Bhilai
शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई

**Affiliated to :**

Hemchand Yadav University, Durg (Chhattisgarh)
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

Chhattisgarh Board of Secondary Education, Raipur
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

**Recognised By :**

Department of Higher Education Govt. of Chhattisgarh
उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

National Council for Teacher Education, Western Regional Committee, Bhopal
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, पश्चिमी क्षेत्रीय समिति, भोपाल

State Council of Educational Research and Training Raipur, Chhattisgarh
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर, छत्तीसगढ़

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

Pt. Sundarlal Sharma University, Bilaspur (Chhattisgarh)
पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**Established In 2011**

This Information is issued by :

The Principal
**Shaildevi Mahavidyalaya**
Anda, Durg, Chhattisgarh-491221
Cell : 9575037637, 8889963254
E-mail : shaildevicollege@gmail.com
Website : www.shaildevi.com
Facebook : Shaildevi Mahavidyalaya
Instagram : shaildevi_mahavidyalaya

**CITY CENTRE**
**RAJAN'S CAREER PVT. LTD.**
Near Gayatri Mandir,
Sector-6, Bhilai Nagar,
Distt. - Durg
Chhattisgarh-490 006
Cell : 9893287894, 9981639240
Facebook : Rajan Kumar Dubey
Instagram : rcpl.bhilai

Every effort has made to ensure that the contents in this prospectus are correct at the time of publication. All the matters that it covers may be subject to change without any notice, both before and after a student is enrolled. The Institute does not intend, by publication of this prospectus, to create any contractual or other legal relationship with applicants, enrolled students or any other persons. The institute reserves the exclusive right to change without notice, any statement made in this prospectus.

# Message From Chairman Desk



**प्रिय विद्यार्थियों,**

शैलदेवी महाविद्यालय में आपका हार्दिक स्वागत है। आपके समक्ष जो विवरणिका है उसमें झलक ऐसे पाठ्यक्रमों की है जिसके शिक्षण की सुविधा हमारे महाविद्यालय द्वारा आपको इस शैक्षणिक सत्र में दी जाने वाली है। गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा की पूर्ति के लिए हमारे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं एवं अधोसंरचना की इसमें संक्षिप्त जानकारी है।

सूचना और ज्ञान के इस विस्फोटक युग में आज प्रतिस्पर्धा इतनी तीव्रगति से बढ़ रही है कि शिक्षा संस्थानों द्वारा ज्ञान को व्यापक समाज में प्रभावी ढंग से पहुँचाने का दायित्व एक जटिल चुनौती बनता जा रहा है। इस प्रसंग में यह महाविद्यालय एक जीवंत परिसर उपलब्ध कराता है।
यह संस्था शिक्षा, कला, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, सामाजिक कार्य, योग व सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के माध्यम से हिन्दी व अंग्रेजी को आधार बनाकर अध्ययन व अध्यापन कार्य में संलग्न है। यहाँ का प्राकृतिक परिवेश और अध्ययन के लिए उपलब्ध सुविधाओं के साथ आप एक सक्रिय विद्यार्थी के रुप में अपने जीवन के लक्ष्यों को पाने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

महाविद्यालय आपको ज्ञान के साथ कौशल में दक्ष होने का भी अवसर प्रदान करता है। आपके व्यक्तित्व का समग्र विकास ही हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि यहाँ के अध्यापक और सभी कर्मचारी महाविद्यालय परिसर में आपकी अध्ययन यात्रा को सफल बनाने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँगे। मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप साहसी किन्तु शिष्ट, ज्ञान-पिपासु किन्तु विनम्र तथा उच्च नैतिक मूल्यों से युक्त व्यक्तित्व के स्वामी बनें। आपकी उपस्थिति और प्रगति के साथ यह महाविद्यालय भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

राजन कुमार दुबे
अध्यक्ष

# Mission & Vision

## स्थापना का आदर्श

ज्ञान के प्रसार से योग्य, कुशल एवं दक्ष नागरिकों का विकास कर पाने की मौलिक अवधारणा के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को बहु आयामी अवसर सुलभ कराना।



## अंर्तदृष्टि

उपयुक्त संज्ञानात्मक वातावरण में चयनात्मकता और समयबद्धता के आधार पर ज्ञान प्रसारित कौशलों का विकास।

## प्रणालीगत उद्देश्य

विद्यार्थियों में मूल्यों का विकास कर वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोणों के अनुरुप मानसिक संवेगात्मक और संकल्पित वातावरण से उत्तम सामंजस्य स्थापित कर पाने की व्यक्तिगत अंर्तदृष्टि का विकास।

## प्रक्रियात्मक लक्ष्य

1. विषयों के विस्तृत परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों के ज्ञान, रुचियों, आदर्शों एवं आदतों का कौशलात्मक परिष्करण करना।
2. संज्ञानात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा को पोषित कर विद्यार्थियों की सृजनात्मकता का विकास करना।
3. सत्य और अर्थ के संज्ञान को व्यावहारिक परिणाम के आधार पर समझ पाने की दक्षता का विकास करना।
4. विद्यार्थियों में पारस्परिक सहयोग, समायोजन और दायित्व-निर्वहन की क्षमता का विकास करना।
5. अन्तर-सांस्कृतिक भावना को समृद्ध कर विभिन्न संस्कृतियों के विरासत के प्रति ज्ञान और सम्मान के दृष्टिकोणों का निर्माण करना।
6. पर्यावरणीय और प्राकृतिक संसाधनों के उपभोग एवं संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को अतिसंवेदनशील और जागरुक करना
7. विद्यार्थियों के नैतिक चारित्रिक गुणों को विकसित कर उच्च व्यक्तित्व का निर्माण करना।

## Principal Desk

# प्राचार्य की कलम से......................



प्रिय विद्यार्थियों,

हम बड़ी उम्मीदों तथा आशाओं के साथ अपने एक और शैक्षिक सत्र में कदम रख रहे हैं। शैलदेवी महाविद्यालय की स्थापना उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से हुई है। गत वर्षों में हम छात्रों के जीवन में उत्कृष्ट शिक्षा के केन्द्र के रुप में शैलदेवी महाविद्यालय को स्थापित करने में सफल रहे हैं।

शैलदेवी महाविद्यालय ने निरंतर तथा सतत् विकास और उन्नति की है तथा उच्च शिक्षा में अपना प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया है।

किसी भी शैक्षणिक संस्था की पहचान उसके अध्यापन से तथा छात्रों के जीवन में पड़ने वाले प्रभाव से होती है। शैलदेवी महाविद्यालय अपनी जिम्मेदारी को भली-भाँति समझते हुए, अपने योग्य तथा प्रतिभावान प्राध्यापकों को छात्रों के जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए सदा प्रोत्साहित करता रहा है महाविद्यालय अपने छात्रों को सकारात्मक, बौद्धिक, आध्यात्मिक तौर से स्वस्थ तथा विकास के अनुकूल वातावरण प्रदान कराता है।

मैं आश्वस्त हूँ कि शैलदेवी महाविद्यालय का वातावरण तथा शिक्षक आपको प्रेरित कर आपके अकादमिक तथा अन्य प्रकार के सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण में आपका सहयोग तथा मार्गदर्शन करेंगे। इसी के साथ आपको यह भी याद दिलाना चाहते हैं कि हर जिम्मेदार सदस्य से समाज तथा सामाजिक संस्थाएं उसके कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों के निर्वाह की आशा रखती है। शैलदेवी महाविद्यालय की भी आपसे यही आशा है कि आप अपने कर्तव्यों का विवेकपूर्ण निर्वहन करेंगे।

आशा करते हैं कि शैलदेवी महाविद्यालय में आप अपने भय और असुरक्षाओं को पीछे छोड़ते हुए अपनी क्षमताओं का उत्कृष्ट निर्वहन कर अपनी प्रतिभा के चरम तक पहुचेंगे।

अंत में हम आप सभी का स्वागत करते हैं तथा आपके आने वाले सत्र के लिए आप को शुभकामनाएं देते हैं।

डॉ. के. एन. मिश्रा
प्राचार्य

# The shaildevi Mahavidyalaya

शैलदेवी महाविद्यालय की स्थापना सन् 2011 में की गयी थी। महाविद्यालय, शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी भिलाई जो छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत एक पंजीकृत संस्था है, के द्वारा संचालित है। महाविद्यालय उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त तथा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध है।

समय के साथ-साथ महाविद्यालय ने अद्‌भुत उन्नति की है और आज यह न केवल स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा के लिए सर्वाधिक प्रतिष्ठित संस्थान के रुप में विख्यात है अपितु अनेक कसौटियों पर यह खरा उतरा है। शैक्षणिक कर्मचारियों का कुशल और आत्मीय व्यवहार भी महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है। महाविद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी, समाज विज्ञान, समाज कार्य, शिक्षक शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी के अनेक पाठ्‌यक्रम उपलब्ध हैं साथ ही महाविद्यालय के दूरशिक्षा विभाग द्वारा पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर व महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा (महाराष्ट्र) के सहयोग से अनेक विषयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहाँ का पुस्तकालय अपनी महत्वपूर्ण पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं के लिए जाना जाता है तथा प्रयोगशालाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयां भी अपनी गुणवत्ता तथा सक्रियता के लिए विख्यात है। महाविद्यालय में प्रयुक्त शिक्षण की भाषा हिन्दी व अंग्रेजी है। साथ ही सह शिक्षा की भी व्यवस्था है।

लगभग 10 एकड़ में फैले विशाल महाविद्यालय परिसर की यह भी विशेषता है कि यह दुर्ग स्टेशन तथा सड़क मार्ग से बहुत अच्छी तरह जुड़ा है। कॉलेज परिसर सुन्दर उद्यानों, फलदार वृक्षों के उपवन, खूबसूरत खेल मैदान और छात्रावास से सम्पन्न है। महाविद्यालय के पास विशाल प्रेक्षागृह है तथा हर समय विद्यार्थियों से गुलजार रहने वाली कैंटीन भी प्रेक्षागृह के समीप ही है।

महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को मुक्त उदार और स्वस्थ प्रतियोगितात्मक वातावरण देने का प्रयास करता है। जिसमें रहकर वे अपनी रुचि के क्षेत्र में सर्वोच्च क्षमता और प्रतिभा के साथ काम करे। महाविद्यालय सद्‌भावनापूर्ण और प्रोत्साहनपरक वातावरण से अपने विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास करने में विश्वास रखता है जो केवल आजीविका तक सीमित न रहें अपितु देश तथा विश्व के लिए उत्तरदायी और सच्चे नागरिक बनें।










## Facilities and Features

### कम्प्यूटर केन्द्र

विद्यार्थियों के लिये शिक्षा के आधुनिक संसाधनों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दो कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित किये गये हैं। यहाँ न सिर्फ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है बल्कि कम्प्यूटर के अनिवार्य शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को शोध और ज्ञान की अधुनातन प्रविधियों से भी अवगत कराया जाता है। एच.सी.एल, डेल और एच.पी के 89 कम्प्यूटर हैं। इसके अतिरिक्त एल.सी.डी., प्रोजेक्टर, प्लाज्मा टी.वी. जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।







### प्रयोगशाला

कम्प्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गृह विज्ञान व भूगोल विषय की सुसज्जित व आधुनिक उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाएँ हैं। शिक्षा संकाय के लिए सुसज्जित आधुनिक उपकरणों से युक्त मनोविज्ञान प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी संसाधन केन्द्र, पाठ्यचर्या प्रयोगशाला, कला और शिल्प संसाधन केन्द्र, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा संसाधन केन्द्र भी हैं। जिसके द्वारा छात्र ज्ञान के साथ कौशलों का विकास करते हैं।

### संकाय

महाविद्यालय में उच्च शिक्षित एवं अनुभवी शैक्षणिक स्टाफ कार्यरत हैं। महाविद्यालय में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन, एनसीटीई व यूजीसी के दिशा निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती की जाती है। महाविद्यालय में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ विश्वविद्यालय आचार संहिता के परिनियम 28 के तहत नियुक्त हैं। ये शिक्षक कॉलेज की अकादमिक उत्कृष्टता और छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए सतत् समर्पित रहते हैं। महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं पाठ्यक्रम को रोचक बनाने हेतु व्याख्यान मालाएं एवं नियमित सभाएं आयोजित की जाती हैं। जिससे छात्र विशेषज्ञों के ज्ञान से लाभान्वित होते हैं।





# Library

## पुस्तकालय

महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है जिसमें विभिन्न संकायों की पुस्तकें, जर्नल, शोध पत्र-पत्रिकाएं हैं। पुस्तकों को पुस्तकालय में पढ़ने एवं निर्गत कराने की भी सुविधा है। पुस्तकालय में वाचनालय भी है, जहां विद्यार्थी अवकाश के समय पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं व अखबार पढ़कर समय का सदुपयोग कर सकते हैं। इस कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए फोटो कॉपी सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय का पुस्तकालय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है, लेकिन पुस्तक निर्गत कराने का समय प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक ही है।

पुस्तकालय के सामान्य नियमः

- पुस्तकालय में अध्ययन हेतु विद्यार्थी परिचय-पत्र साथ लावें।
- पुस्तकालय से पुस्तक, लायब्रेरी कार्ड प्रस्तुत करने पर ही दी जायेगी।
- पुस्तकालय कार्ड गुम जाने पर द्वितीय प्रति अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
- प्रत्येक छात्र को 2 लायब्रेरी कार्ड दिया जाएगा। एक कार्ड में केवल एक ही पुस्तक प्रदान किया जायेगा।
- पुस्तकालय से गृह अध्ययन के लिए पुस्तक लेने की केवल महाविद्यालय के नामांकित छात्रों एवं महाविद्यालय द्वारा नियुक्त अध्यापकों को ही होगी।
- पुस्तकालय में सम सामयिक पत्र पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों की पृथक सुविधा उपलब्ध है।
- परीक्षा के पूर्व सभी विद्यार्थियों को ग्रंथालय की पुस्तकें लौटाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।
- आवश्यकता होने पर पुस्तकालय स्टाफ से मदद लेने में संकोच न करें।

नोट - यदि कोई छात्र/छात्रा उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन करता है तो पुस्तकालय की सुविधा से उपयोगकर्ता को वंचित किया जा सकता है।

## e-Library

महाविद्यालय में e-Library की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्यार्थीगण इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय से जुड़कर वहां उपलब्ध पुस्तकों का लाभ ले सकते हैं।

## Book Bank

महाविद्यालय में निर्धन व गरीब विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक की सुविधा उपलब्ध है

## Library Card

महाविद्यालय में प्रवेश लेने के बाद अपने परिचय पत्र के साथ ग्रंथपाल से संपर्क करें। आपको लायब्रेरी कार्ड जारी कर दी जायेगी। लायब्रेरी कार्ड निर्गत होने के उपरांत ही पुस्तक प्रदान की जावेगी।





## छात्रावास

महाविद्यालय में महिला व पुरुष छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय प्रांगण में ही छात्राओं हेतु सुसज्जित एवं पूर्णतः सुविधायुक्त महिला छात्रावास की व्यवस्था है जिसे **यशोमति महिला छात्रावास** के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में इस छात्रावास में 90 सीटें हैं। छात्रावास में ही भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। महाविद्यालय परिसर के उत्तर की ओर लगभग 200 मीटर की दूरी पर पुरुष छात्रावास अवस्थित है। पुरुष छात्रावास में लगभग 50 सीटें उपलब्ध हैं। अन्तः वासियों के लिए मेस की व्यवस्था है। छात्रावास में स्थान पाने हेतु आवेदन पत्र एवं नियमावली महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।









## कैन्टीन

महाविद्यालय परिसर में कैन्टीन की सुविधा है, जिसे 'अन्नपूर्णा' के नाम से जाना जाता है। यह कैन्टीन सहकारिता आधार पर संचालित की जा रही है। यहाँ जलपान की व्यवस्था की जाती है। छात्रों के सुविधानुसार भोजन की भी व्यवस्था है। कैन्टीन में परिशोधित पेयजल भी उपलब्ध है।

## संगोष्ठी कक्ष

महाविद्यालय में तीन संगोष्ठी कक्ष है जो सर्व-सुविधाओं से युक्त है। ये कक्ष सभाओं, वाद-विवाद आदि के लिए प्रयोग किए जाते हैं। इन कक्षों में प्रॉजेक्टर तथा साउंड की सुविधा भी उपलब्ध है।

## *SMS* व *e-mail* से सूचना

महाविद्यालय कार्यालय से विद्यार्थियों को एसएमएस व ई-मेल द्वारा सूचना भेजने की व्यवस्था की गयी है। विद्यार्थी अपने प्रवेश फार्म में अपना मोबाईल नम्बर व ई-मेल आईडी सही-सही भरें। मोबाईल नम्बर या ईमेल आईडी में परिवर्तन होता है तो छात्र लिखित रुप में कार्यालय में सूचित करें। महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड का नियमित अवलोकन करना विद्यार्थियों की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

## यातायात सुविधा

महाविद्यालय में विद्यार्थी व प्राध्यापकों के लिए बस सुविधा उपलब्ध है। दुर्ग-भिलाई व आस-पास के क्षेत्रों के लिए बस सेवा निर्धारित है। मांग के आधार पर निर्धारित बस सेवा में परिवर्तन या वृद्धि की जा सकती है। इसके लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बस सुविधा छात्र-छात्राओं को रियायती दरों पर उपलब्ध है।

## सभागार

महाविद्यालय में सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सभागार है। जो गोविंद भवन के नाम से जाना जाता है। इसमें लगभग 600 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता है। यह छात्रों को विभिन्न प्रकार की अकादमिक एवं पाठ्येतर गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करता है। सभागार के नजदीक कैंटीन की सुविधा उपलब्ध है।

## अतिथि गृह

महाविद्यालय परिसर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्वयं का अतिथि गृह है।

## कॉमन रुम

महाविद्यालय में छात्राओं हेतु कॉमन रुम की व्यवस्था है। छात्राएँ कॉमन रुम का सदुपयोग खाली समय में विभिन्न प्रकार के अखबार, पत्र-पत्रिकाएँ आदि को पढ़ने एवं इनडोर गेम्स खेलने के लिए कर सकती हैं।

# Scholarships/Prizes and Financial Aid

## छात्रवृत्तियाँ

### शासकीय स्तर पर :

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं-

i. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली मेरिट व अन्य छात्रवृत्तियाँ।

ii. आदिम जाति कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियाँ।

iii. मेधावी छात्रों को विश्वविद्यालय, शिक्षा मंडल की परीक्षाओं में प्राप्त मेरिट स्थान के आधार पर प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियाँ।

iv. अल्पसंख्यक आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी Minority Community Scholarship प्रदान की जाती है। शासन द्वारा समय-समय पर नियमों में संशोधन किया जाता है। शासन द्वारा संशोधित एवं परिवर्तित नियम लागू होंगे।
Online Registration Link -
www.tribal.cg.gov.in/escholarship
www.momascholarship.gov.in/postmatric

### अशासकीय स्तर पर :

महाविद्यालय में एस.आर जिंदल फाउंडेशन की ओर से मेधावी व निर्धन विद्यार्थियों को एस.आर. जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। स्नातक स्तर पर छात्राओं को 1000 रु प्रतिमाह व बालक को 800 रु. प्रतिमाह प्रदान की जाती है।

इस छात्रवृत्ति के आवेदकों के लिए न्यूनतम अर्हता परीक्षा में पुरुष वर्ग के लिए 60 प्रतिशत व महिला वर्ग के लिए 55 प्रतिशत रखी गयी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी श्रीमती मोनिका चौबे, कार्यालय अधीक्षिका से संपर्क कर सकते हैं।

### महाविद्यालय स्तर पर :

महाविद्यालय में नामांकित स्नातक स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके ट्यूशनफीस के रुप में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जो निम्नानुसार है-

| न्यूनतम अर्हता परीक्षा में प्राप्तांक | 75 | 80 | 85 | 95 | 95 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रवृत्ति In Tuition Fees (in percentage) | 5 | 10 | 12 | 15 | 20 |

## पुरस्कार

### शैलदेवी प्रतिभा पुरस्कार :

महाविद्यालय में स्नातक स्तर में अध्ययनरत अभ्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रवीणता सूची में स्थान लाने पर विद्यार्थी को 7100 रु. तथा शिक्षा संकाय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रवीणता सूची में स्थान लाने पर 5100 रु. का शैलदेवी पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## वित्तीय सहायता :

जरुरतमंद और पिछले वर्ष के परिणामों के आधार पर योग्य छात्रों को शुल्क में छूट देने का प्रावधान है। इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु विद्यार्थियों को एक निर्धारित फार्म भरना होता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी श्री अरुण साहू से संपर्क कर सकते हैं।





# Academic Features

**Affiliated to :**
Hemchand Yadav University, Durg (Chhattisgarh)
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

## Undergraduate Courses

### B.A. : Bachelor of Arts

**Combination offered (Three core subject)**

1. **Geography (भूगोल),**
2. **Sociology (समाजशास्त्र),**
3. **Political Science(राजनीति विज्ञान) / Home Science (गृह विज्ञान),**
4. **Economics (अर्थशास्त्र),**
5. **History (इतिहास) /English Literature (अंग्रेजी साहित्य),**
6. **Hindi Literature (हिन्दी साहित्य)**

### B.Com. : Bachelor of Commerce

### B.Com. With Computer Application

### BCA : Bachelor of Computer Application

### B.Sc : Bachelor of Science

**Combination offered**

1. **Mathematics, Physics, Chemistry**
2. **Computer Science, Physics, Mathematics**
3. **Botany, Zoology, Chemistry,**

### B.Ed : Bachelor of Education

### B.Sc. B.Ed (4-Year Integrated Programme)




## Post Graduates Courses

- M.Com (Master of Commerce)
- M.A. Education (Master of Arts - Education)
- M.S.W (Master of Social work)




## PG-Diploma Courses

- PGDCA (Post Graduate Diploma In Computer Application)
- DCA (Diploma In Computer Application)
- D.El.Ed. (Diploma in Elementary Education)
- PGDY (PG Diploma in Yoga Education & Philosophy)








# Admission Requirements

## महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का विवरण, अर्हता व उपलब्ध स्थान

### Department of Arts

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **B.A.** Bachelor of Arts |
| विषय : | Combination offered (Three core subject):- तीन विषयों का चयन करें<br>1. Geography (भूगोल), 2. Economics (अर्थशास्त्र), 3. Sociology (समाजशास्त्र),<br>4. Political Science(राजनीति विज्ञान) / Home Science (गृह विज्ञान),<br>5. History(इतिहास)/English Literature (अंग्रेजी साहित्य), 6. Hindi Literature (हिन्दी साहित्य) |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 03 वर्ष |
| सीटें : | 60 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

### Department of Science

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **B.Sc** Bachelor of Science |
| विषय : | Combination offered<br>1. Mathematics, Physics, Chemistry<br>2. Computer Science, Physics, Mathematics<br>3. Botany, Zoology, Chemistry, |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से विज्ञान विषय में 10+2 उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 03 वर्ष |
| सीटें : | 120 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

### Department of Commerce

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **B.Com.** Bachelor of Commerce |
| | **B.Com.** With Computer Application |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से वाणिज्य या विज्ञान या गणित विषय में 10+2 उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 03 वर्ष |
| सीटें : | 60 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातकोत्तर : | **M.Com.** Master of Commerce |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक परीक्षा 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिवयांगो के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 04 सेमेस्टर (2 वर्ष) |
| सीटें : | 20 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

## Department of Information Technology

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **BCA** Bachelor of Computer Application |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से गणित विषय में 10+2 उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 03 वर्ष |
| सीटें : | 30 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **PGDCA** Post Graduate Diploma In Computer Application |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 02 सेमेस्टर |
| सीटें : | 45 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| डिप्लोमा : | **DCA** Diploma In Computer Application |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण |
| अवधि : | 02 सेमेस्टर |
| सीटें : | 45 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

## Department of YOGA

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| डिप्लोमा : | **PGDY** PG Diploma in Yoga Education & Philosophy |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 02 सेमेस्टर |
| सीटें : | 40 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

## Department of Social Work

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातकोत्तर : | **M.S.W** Master of Social work |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 04 सेमेस्टर (2 वर्ष) |
| सीटें : | 40 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |

## Department of Education

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **B.Sc. B.Ed.** 4-Year Integrated Programme |
| विषय : | Combinations Offered<br>B.Sc (Mathematics)+B.Ed.<br>B.Sc (Biology)+B.Ed |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से गणित या जीव विज्ञान विषय में 10+2 उत्तीर्ण 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 04 वर्ष |
| सीटें : | 50 |
| प्रवेश : | छ.ग. शासन द्वारा आयोजित प्री-बी.एससी. बी.एड. प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से। |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातक : | **B.Ed.** Bachelor of Education |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या स्नातकोत्तर परीक्षा में 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 02 वर्ष (4 सेमेस्टर) |
| सीटें : | 100 |
| प्रवेश : | छ.ग. शासन द्वारा आयोजित प्री-बी.एड. प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से। |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| डिप्लोमा : | **D.El.Ed.** Diploma in Elementary Education |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राज्यबोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचितजनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 02 वर्ष |
| सीटें : | 100 |
| प्रवेश : | छ.ग. शासन द्वारा आयोजित प्री-डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से। |

| पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|
| स्नातकोत्तर : | **M.A. Education** (Master of Arts - Education)* |
| अर्हता : | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा 50% न्यूनतम (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / दिव्यांगों के लिए 45%) अंकों के साथ उत्तीर्ण। |
| अवधि : | 04 सेमेस्टर (2 वर्ष) |
| सीटें : | 40 |
| प्रवेश : | न्यूनतम अर्हता परीक्षा के मेरिट के आधार पर |










# Admission Procedure

## प्रवेश संबंधी सूचनाएँ

1. महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की तिथि 01 जून से तथा अन्य कक्षाओं हेतु 16 जून से प्रारंभ होगा।
2. शैलदेवी महाविद्यालय में प्रवेश पूर्णतः हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग व छत्तीसगढ़ शासन के मार्ग दर्शिका के अनुसार होंगे।
3. स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर 15 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 30 जुलाई तक कुलपति की अनुमति से प्रतिवर्ष प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगे। परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने की स्थिति में प्रवेश की अंतिम तिथि महाविद्यालय में परीक्षा परिणाम प्राप्त होने की तिथि से दस दिन तक अथवा विश्वविद्यालय / बोर्ड पन्द्रह दिन तक जो भी पहले हो मान्य होगी।
4. प्रवेश संबंधी सर्वाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है। छात्रों को प्रवेश उसके आचरण व शैक्षणिक प्रगति को ध्यान में रखकर दिया जाएगा।
5. गत सत्र में इस महाविद्यालय के नियमित छात्र जो इस सत्र में अगली कक्षा में प्रवेश लेना चाहते हों, वे परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के 7 दिन के अंदर महाविद्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करें व समय पर प्रवेश लें। ऐसे छात्र आश्वस्त न रहें कि वे कभी भी आएँ और उनका स्थान सुरक्षित रहेगा।
6. बी.एस.सी. बी.एड. (चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) बी.एड. व डी.एल.एड. में प्रवेश छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री.बी.एड., प्री.डी.एड. व प्री. बी.एस.सी. बी.एड. परीक्षा के परिणाम के अनुसार तथा एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से दी जाती है।
7. महाविद्यालय में प्रवेश के पूर्व छात्र-छात्राओं को ब्लड ग्रुप की जानकारी आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर देना अनिवार्य है।
8. प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की आयु की गणना नामांकित वर्ष के माह 01 जुलाई को जायेगी।

## प्रवेश संबंधी प्रक्रिया :

महाविद्यालय द्वारा घोषित अंतिम तिथि तक आवेदन पत्र सभी अभिलेखों सहित जमा न होने पर आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। सुवाच्य व स्पष्ट भरे गए आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्र संलग्न कीजिए।

1.जन्मतिथि प्रमाण पत्र (छायाप्रति)
2.अर्हताकारी परीक्षा की अंकसूची (छायाप्रति)
3.स्थानांतरण प्रमाण पत्र (मूल एवं छायाप्रति)
4.सदाचार / चरित्र प्रमाण पत्र (मूल एवं छायाप्रति)
5.तीन पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो

## आवश्यकतानुसार

☑ रैगिंग के विरुद्ध वचन पत्र (प्रवेश के समय दिये गये निर्धारित प्रारुप में)।
☑ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
☑ ब्लड ग्रुप का चिकित्सकीय प्रमाण पत्र (छायाप्रति)
☑ अन्तराल प्रमाण पत्र / गेप सर्टिफिकेट (यदि एक से अधिक सत्र का अंतराल हो) मूल एवं फोटोकापी।
☑ प्रव्रजन प्रमाण पत्र (मूल एवं छायाप्रति) उन आवेदकों के लिए जिन्होंने अर्हताकारी परीक्षा छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल तथा हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (पूर्व नाम दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग) में उत्तीर्ण न की हो।
☑ पात्रता प्रमाण पत्र (मूल एवं छायाप्रति) उन आवेदकों के लिए जिन्होंने अर्हताकारी परीक्षा छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल / केन्द्रीय मा. शिक्षा मण्डल / हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय के अलावा अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
☑ महिलाएं विवाहित हैं, तो विवाह संबंधी प्रमाणपत्र अथवा रुपये 50/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरीकृत शपथ पत्र दें।
☑ छत्तीसगढ़ मूल निवासी प्रमाण पत्र (अगर लागू हो तो) बाहर के उम्मीद्वार को वहां का निवासी प्रमाण पत्र या स्थायी पता प्रमाण पत्र (छायाप्रति)
☑ अनापत्ति प्रमाण पत्र (अगर आवश्यक हो तो) मूल प्रति व छायाप्रति
☑ बी.एड. / डी.एड. / बी.एस.सी.बी.एड कक्षा में नामांकन कराने वाले उम्मीद्वार उपरोक्त के अलावा निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करें:-

i. महाविद्यालय आबंटन का प्रमाण पत्र (मूलप्रति व छायाप्रति)
ii. प्रवेश परीक्षा की अंकसूची (छायाप्रति)
iii. प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र (छायाप्रति)
iv. स्नातक के तीनों वर्षों की अंकसूची (छायाप्रति)
v. स्नातकोत्तर की अंकसूची (छायाप्रति)

# Fee Structure

| | | |
|---|---|---|
| 37 | D.El.Ed. - 1 Year # | 19,000.00 |
| 38 | D.El.Ed. - 2 Year # | 19,000.00 |
| 39 | B.Sc. B.Ed. - I (Integrated Progarm) # | 24,355.00 |
| 40 | B.Sc. B.Ed. - II (Integrated Progarm) # | 24,355.00 |
| 41 | B.Sc. B.Ed. - III (Integrated Progarm) # | 24,355.00 |
| 42 | B.Sc. B.Ed. - IV (Integrated Progarm) # | 24,355.00 |
| 43 | M.A. - Education (I & II Sem.) | |
| 44 | M.A. - Education (III & IV Sem.) | |

**Note:-**

I. Due date for payment of last installment will be on or before 15th November or filling up of University Examination form whichever is earlier

ii. New admission in 2nd and 3rd year classes will pay Extra amount of Rs. 500/- (for Caution Money)

iii. # Subject to decision by the admission and fees Regulatory Committee.

## शुल्क का भुगतान

विवरण पत्रिका (Prospectus) तथा संबंधित पाठ्यक्रम शुल्क एकमुश्त देय हैं। समस्त शुल्क या तो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा (Shaildevi Mahavidyalaya, Anda) के पक्ष में देय मांग पत्र [बैंक ड्राफ्ट] के द्वारा या महाविद्यालय के कैश काउन्टर में जमा कर सकते है। कैश काउन्टर पर जमा की गयी शुल्क की रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में न वापस न स्थानांतरित और न ही समायोजित किया जाएगा। यदि शुल्क विवरण में कोई परिवर्तन होगा तो यह परिवर्तन सभी पर लागू होगा। इस संबंध में महाविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता प्रमाण पत्र (Eligibility Certificate), विश्वविद्यालय नामांकन (University Enrollment), प्रव्रजन (Migration), शारीरिक विकास (Physical Development), परीक्षा फीस (Examination Fees) अलग से ली जायेंगी।

जरुरतमंद विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क को किस्तों में भुगतान करने कि व्यवस्था है। जिसका लाभ विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए कर सकते हैं।

# Useful Information for Students

## 1. परिचय पत्र संबंधी : Identity Card

महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को अपना परिचय पत्र रखना आवश्यक है। प्रत्येक सभा सम्मेलन अथवा महाविद्यालय कार्यक्रम के समय यह पत्र विद्यार्थियों के पास होना चाहिए। महाविद्यालय में कम्प्यूटरीकृत परिचय पत्र प्रदान किया जाता है। परिचय पत्र के लिए नामांकन शुल्क जमा करने के बाद डेटा-शीट को सही-सही भरकर कार्यालय में सम्पर्क करें।

## 2. नामांकन संबंधी : University Enrollment

1. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को नामांकन फार्म भरना होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नामांकन शुल्क भी देना होगा।
2. अमहाविद्यालयीन उत्तीर्ण छात्रों को नियमित प्रवेश लेने पर नामांकन फॉर्म तथा शुल्क देना होगा।
3. प्रथम वर्ष में संकाय परिवर्तन पश्चात् प्रवेश लेने वाले छात्रों को नामांकन फॉर्म भरना होगा एवं पुनः शुल्क देना होगा।
4. नामांकन शुल्क विश्वविद्यालय स्तर पर निर्धारित किया जाता है तथा नामांकन फॉर्म विद्यार्थियों को कक्षा में स्थायी नामांकन कराने के बाद महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराया जाता है। नामांकन संबंधी सूचना के लिए महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड का नियमित अवलोकन करते रहें।

## 3. पात्रता संबंधी : Eligibility Criteria

हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के निर्देशानुसार निम्नलिखित छात्रों को वि.वि. से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

1. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर, बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण को छोड़कर अन्य बोर्ड या प्री डिग्री यूनिवर्सिटी परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों को इस वि.वि. से पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
2. हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से अध्ययनरत छात्रों को छोड़कर शेष विश्वविद्यालय से अध्ययनरत छात्रों को हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से अध्ययन करने के लिए पात्रता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
3. विद्यार्थियों को पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग द्वारा जारी की जाती है। पात्रता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) के अभाव में छात्र का नामांकन निरस्त कर दिया जाता है। पात्रता संबंधी जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें।

## 4. स्थानान्तरण व चरित्र प्रमाण पत्र : Transfer & Character Certificate

1. महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (सी.एल.सी.) हेतु विद्यार्थी प्राचार्य, शैलदेवी महाविद्यालय के नाम एक आवेदन लिखें - जिसमें सी.एल.सी. निर्गत कराने का कारण स्पष्ट रुप से उल्लिखित हो।
2. इस आवेदन के साथ प्रवेश शुल्क की रसीद, अंतिम उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
3. आवेदन पर पुस्तकालय एवं संबंद्ध विभाग से नो ड्यूज प्राप्त करें। तदुपरांत आवेदन को निर्धारित शुल्क सहित जमा करें एवं तद्संबंधी रसीद प्राप्त कर लें।
4. सी.एल.सी. के साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

## सुरक्षा निधि जमा: Caution Money Deposit

सुरक्षा निधि की वापसी महाविद्यालय छोड़ने के एक वर्ष के अन्दर की जाती है। इसके पश्चात् प्रत्यर्पण नहीं होगा। सुरक्षा निधि प्राप्त करते समय परिचय पत्र जमा करना होगा अन्यथा 100 रु. की राशि दण्ड स्वरुप जमा करना होगा।

सुरक्षा निधि की वापसी के लिए विधिवत आवेदन देकर मूल रसीद के साथ कार्यालय से सम्पर्क करें। यह कार्य महाविद्यालय अध्ययन अवकाश के समय की जाती है।

## निदान : Nidan

महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों व पालकों की शिकायतों के लिए निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम 'निदान' केन्द्र की व्यवस्था है। इस केन्द्र के जरिए महाविद्यालय के छात्र-पालक व शिक्षक अपनी समस्याओं के निदान हेतु शिकायत दर्ज करा कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# Attendance and Discipline

## उपस्थिति नियम :

- विश्वविद्यालय अधिनियम के अधीन अध्यादेश क्रमांक 5 के अनुसार महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
- उपस्थिति कम होने पर उन्हें परीक्षा देने से वंचित किया जा सकता है। जिन विषयों में प्रायोगिक कार्य है उनमें सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कार्य में अलग-अलग 75 प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक कालखण्ड में नियमित उपस्थिति अनिवार्य है।
- पढ़ाई के समय कक्षा से बाहर घूमने वाले छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही तत्काल की जावेगी। सभी जाँच परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सम्मिलित होना आवश्यक है।
- अत्यधिक अनियमित उपस्थिति पर छात्र का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- निम्नलिखित में से किसी एक या अनेक कारणों से विद्यार्थी का महाविद्यालय से पृथक करने का अधिकार प्राचार्य को है।
  - अ. कक्षा में संतोषजनक प्रगति न होने पर।
  - ब. प्राचार्य के मतानुसार विद्यार्थी का आचरण संतोषप्रद न होने पर।
- प्राचार्य को यह अधिकार है कि बिना कारण बताये किसी भी विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दें और इस विषय में कानूनी कार्यवाही का अधिकार किसी भी व्यक्ति को नहीं होगा।
- किसी भी प्रार्थना पत्र या आवेदन में उल्लिखित जानकारी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा छिपायी जाये अथवा गलत ढंग से प्रस्तुत की जाये तो विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- यदि विद्यार्थी समय से शुल्क का भुगतान नहीं करता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

## आचरण संहिता : Code of Conduct

1. प्रत्येक विद्यार्थी अपना पूरा ध्यान महाविद्यालय द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अन्तर्गत अध्ययन पर लगाएँ तथा अन्य पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में पूरा-पूरा सहयोग दें।
2. महाविद्यालय की सम्पत्ति, भवन, पुस्तकालय आदि की सुव्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता में प्रत्येक विद्यार्थी रुचि लेंगे और उन्हें कायम रखने, संवारने में सहयोग देंगे। इसके विपरीत किसी भी दुष्प्रवृत्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से न तो स्वयं भाग लेंगे और न दूसरों को उकसाएंगे।
3. महाविद्यालय द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं व कार्यक्रमों में वे पूरी तरह सहयोग देंगे और भाग लेंगे। बिना प्राचार्य की अनुमति से कक्षा अथवा परीक्षा में अनुपस्थित नहीं रहेंगे।
4. प्रत्येक विद्यार्थी अपने साथियों और शिक्षकों से नम्रता का पालन करेंगे और कभी अश्लील, अशिष्ट या अशोभनीय व्यवहार नहीं करेंगे।
5. विद्यार्थियों को सरल, व्यसनमुक्त, मितव्ययी जीवन ही बिताना चाहिए। अतएव विशेषकर महाविद्यालय की सीमाओं में किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ सेवन वर्जित रहेगा। वेशभूषा में विद्यार्थियों को तड़क-भड़क, विलासिता शोभा नहीं देता है, इसका ध्यान रखना होगा।
6. यदि कोई कठिनाई हो तो प्राध्यापकों द्वारा अथवा प्राचार्य के समक्ष निर्धारित प्रणाली से शांतिपूर्ण अपना आवेदन करना होगा।
7. आंदोलन, सक्रिय दलगत राजनीति में भाग नहीं लेंगे और अपनी समस्याओं के विषय में राजनीतिक दलों, कार्यकर्ताओं अथवा समाचार पत्रों आदि के माध्यम से हस्तक्षेप या सहायता नहीं माँगेंगे।
8. परीक्षाओं या उसके संबंध में किसी प्रकार के अनुचित लाभ लेने या अनुचित साधनों का प्रयोग करने का प्रयत्न गंभीर दुराचरण माना जायेगा।
9. महाविद्यालय की प्रतिष्ठा और कीर्ति बढ़े और उसमें किसी प्रकार कलंक न लगे ऐसा ही व्यवहार विद्यार्थियों को अनुशासन और संयम में रहकर करना चाहिए।
10. आचरण संहिता सबंधी इन नियमों के भंग होने पर विद्यार्थियों को चाहिए कि दोषी व्यक्ति को उचित दण्ड देने में सहयोग दें जिससे महाविद्यालय का प्राथमिक कार्य अध्ययन, शांति और मनोयोग के साथ चल सके।
11. विद्यार्थी को यह सावधानी रखनी होगी कि किसी अनैतिक मूलक या अन्य गंभीर अपराध का अभियोग उस पर न लगे यदि ऐसा हुआ तो उसका नामांकन महाविद्यालय से निरस्त कर दिया जावेगा।

## छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थानों में प्रताड़ना का प्रतिरोध अधिनियम 2001

शैक्षणिक संस्था का विद्यार्थी प्रत्यक्ष, परोक्ष या अन्य किसी प्रकार से रैगिंग में भाग नहीं लेगा। यदि कोई विद्यार्थी इसका उल्लंघन करे, या उल्लंघन करने का प्रयास करे या रैगिंग के लिए दुष्प्रेरित करता है तो वह 5 वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकेगा। दोषी विद्यार्थी को महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जायेगा एवं उसे राज्य के अन्य शैक्षणिक संस्था में तीन वर्ष की अवधि तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# Student Activities/Engagement

## खेलकूद

महाविद्यालय विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थियों के रचनात्मक विकास हेतु एक विकल्प प्रस्तुत करता है। इस दिशा में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिये क्रीड़ा विभाग की स्थापना की गयी है। इस विभाग के माध्यम से विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाता रहा है। खेलकूद में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिये महाविद्यालय के पास अपना विशाल खेल मैदान है, जिसमें हर प्रकार के खेलों का आयोजन कराया जा सकता है। महाविद्यालय में इनडोर एवं आउटडोर दोनों खेलों की सुविधा उपलब्ध है। इनडोर गेम्स में शतरंज, कैरम, टेबिल टेनिस एवं बैडमिंटन के लिये हॉल उपलब्ध है। आउटडोर गेम्स में फुटबाल, क्रिकेट, वालीबॉल एवं लॉन टेनिस की सुविधा उपलब्ध है साथ ही साथ एथलेटिक्स भी कराये जाते हैं। समय-समय पर विभिन्न खेलों की जानकारी भी प्रदान की जाती है। सफल और सुचारु रुप से खेलों के संचालन के लिये महाविद्यालय में पूर्णकालिक क्रीड़ाधिकारी की नियुक्ति की गई है। महाविद्यालय द्वारा 'आगाज' व 'सृजन' नामक कार्यक्रमों के तहत अंतर विद्यालयीन सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में कराया जाता है। इसमें ग्रामीण अंचल के हजारों विद्यालयीन विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

छात्र-छात्राओं को रचनात्मक समाज सेवा व जन कल्याण कार्यो का प्रशिक्षण देने के ध्येय से स्थापित एन.एस. एस. की एक सक्रिय इकाई महाविद्यालय में कार्यरत है। रक्त दान, सामाजिक जागरुकता शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण व ग्राम सेवा जैसे समाज सेवा के कार्यो द्वारा विद्यार्थी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर महाविद्यालय के लिए यश अर्जित करते हैं।

## प्रतिबिम्ब : महाविद्यालय पत्रिका

'प्रतिबिम्ब' महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका है, जो विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करती है। साथ ही महाविद्यालय की अकादमिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट भी इसमें प्रकाशित की जाती है। इस पत्रिका के प्रत्येक खंड का सम्पादन किसी शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

## हरियाली : ''एक छात्र एक पेड़''

महाविद्यालय द्वारा छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाने के लिए 'एक छात्र-एक वृक्ष' नामक कार्यक्रम चलाया जाता है यह कॉलेज कैंपस व आस-पास के क्षेत्रों में हरियाली लाने का प्रयास है। 'एक छात्र-एक वृक्ष' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को एक पौधा लगाने के साथ-साथ उसके रखरखाव की जिम्मेदारी लेनी होगी/होती है। पौधे की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा छात्रों को निः शुल्क उपलब्ध करायी जाती है।





## संयुक्त सलाहकार समिति : JCC

संयुक्त सलाहकार समिति में विभिन्न विभागों से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होता है। पाठ्यक्रम तथा पाठ्येतर गतिविधियों से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए यह प्रमुख समिति है। प्राचार्य की अध्यक्षता में समय-समय पर इसकी बैठक होती है।

## फ्रेंड्स कार्नर : The Counselling Cell

यह समिति प्रत्येक विद्यार्थी को विशिष्ट मानती है। यह समिति संवाद के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करती है जहाँ विद्यार्थी अपनी रुचियों और समस्याओं पर बेझिझक अपनी बात रख सके। महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरुकता पैदा कर विद्यार्थियों में जिम्मेदारी का भाव तथा आत्मविश्वास पैदा करना इस समिति का प्रमुख सरोकार है। फ्रेंड्स कॉर्नर विद्यार्थियों की सामान्य भावनाओं की कद्र करता है और जरुरत पड़ने पर उन्हें व्यक्तिगत तौर पर परामर्श भी दिया जाता है।

## मंथन : शारीरिक, मानसिक एवं सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हर शनिवार महाविद्यालय सभागार 'गोविन्द भवन' में तात्कालिक भाषण, क्विज, पोस्टर, स्लोगन, निबंध आदि प्रतियोगिताएँ, कक्षावार आयोजित की जाती है। समय-समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा समान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, इंटरव्यू, कम्युनिकेशन स्किल, योग, नागरिक सुरक्षा आदि से संबंधित वर्कशॉप, सेमीनार इत्यादि आयोजित किये जाते हैं। महाविद्यालय की सूचना पटल पर कार्यक्रम आयोजन संबंधी जानकारियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इन कार्यक्रमों से महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण रोचक व उत्साह वर्धक बना रहता है साथ ही विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलती है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक वर्ष नवंबर-दिसम्बर माह में 'वार्षिकोत्सव' का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु महाविद्यालय में एक सांस्कृतिक समिति है। सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरुक बनाने के साथ-साथ सामान्य एवं व्यवहारिक बोध कराना है। साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिये चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक, एकल अभिनय, काव्यपाठ, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएँ अगस्त से दिसम्बर माह के बीच आयोजित की जाती हैं। चयनित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय तथा युवा पूर्वी क्षेत्र अंतर महाविद्यालयीन उत्सव में भेजा जाता है। महाविद्यालय की सभी सांस्कृतिक गतिविधियाँ महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागृह 'गोविन्द भवन' में की जाती है।

## दिशा-प्लेसमेंट सेल

सभी विद्यार्थियों के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में शैलदेवी महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल 'दिशा' की अग्रणी भूमिका रहती है। कैरियर से जुड़े मुद्दों पर 'दिशा' द्वारा समय-समय पर विभिन्न संगोष्ठियों व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। व्यावसायिक क्षेत्रों में अच्छी शुरुआत की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों के अकादमिक जीवन में प्लेसमेंट के साथ दिशा ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की है।

## WDC वुमेन डेवलपमेंट सेल

महिलाओं की समस्याओं के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक बनाने में तथा इसके समाधान की ओर अग्रसर करने में वुमेन डेवलपमेंट सेल की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका होती है। कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षक समुदाय में महिला अधिकारों, महिला सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता आदि मुद्दों के प्रति यह समिति संवेदनशील नजरिया उत्पन्न करने का प्रयास करती है। यह समिति समय-समय पर संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, वाद-विवाद तथा फिल्म प्रदर्शन द्वारा महिला-विकास के मुद्दों को प्रकाश में लाती है। यह समिति छात्र तथा छात्राओं दोनों का स्वागत करती है।

## महाविद्यालय में प्रकोष्ठ समितियां

शैलदेवी महाविद्यालय में विविध तरह के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक समितियों का गठन हुआ है-

- रैगिंग विरोधी व अनुशासन प्रकोष्ठ
- पालक शिक्षक समिति
- एलयूमनी एसोसियेशन
- कैरियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ
- यौन प्रताड़ना विरोधी समिति
- आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्याभूति प्रकोष्ठ
- सांस्कृतिक कार्यक्रम परिषद्
- छात्र संघ परिषद्
- विज्ञान परिषद्
- छात्र समस्या निवारण समिति
- वित्त एवं निवेश समिति
- पुस्तकालय समिति
- खेल-कूद समिति

## महाविद्यालय कार्यावधि

महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रातः 08 बजे से 05.00 बजे तक होता है। महाविद्यालय सामान्य कार्यो के लिए प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक खुला रहता है, किन्तु सभी वित्तीय कार्य मध्यान्ह 03.00 बजे तक ही किये जाते हैं।

## News Cutting


नवभारत Bhilai City - 25 May 2022

शैलदेवी कॉलेज में कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकाय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि रायपुर - इस्पात ग्रामीण Date 15 Apr 2022

विद्यार्थियों ने किया खैरागढ़ विवि का शैक्षणिक भ्रमण

उमेश का चयन शिविर में

अंडा. शैलदेवी महाविद्यालय अंडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत स्वयं सेवक डुमेश कुमार एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर का चयन अमलेश्वर, रायपुर में 26 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित 7 दिवसीय शिविर में हुआ है. जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के टीम में सम्मिलित होकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष ... कुमार दुबे, प्राचार्य ... बालियान तथा ... प्राध्यापकों ने ... प्रेषित कर ... उज्जवल भविष्य ... है.

बालोद-बेमेतरा 02-03-2022

स्वयंसेवक डुमेश चयनित

46 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि रायपुर - इस्पात ग्रामीण Date 1 Apr 2022

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन आज

हरिभूमि Date 3 May

युवतियों को सिखाया आत्मरक्षा

सामुदायिक शिविर का आयोजन

स्वस्थ है तो मन भी स्वस्थ रहे

प्राचार्य डॉ. सुमन ने कहा- हमेशा अपने कर्म के प्रति समर्पित रहती है नारी शक्ति

NSS volunteers clean village in Anda

रायपुर - इस्पात ग्रामीण Date 10 Mar 2022

महिला प्राध्यापकों का किया गया सम्मान

शैलदेवी महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

नईदुनिया 11 रायपुर, गुरुवार 17 मार्च, 2022

डा रजनी राय द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन

मेडिकल कैंप व निशुल्क दवा वितरण

हरिभूमि रायपुर - इस्पात भूमि Date 4 Dec 2021

गोल्ड मेडल जीतने पर किया स्वागत

हरिभूमि रायपुर - इस्पात ग्रामीण Date 17 Mar 2022

एमएसडब्लू के छात्रों को दी गई जानकारी

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

शैलदेवी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कॉलेज में स्टूडेंट्स को लगाया टीका

# Republic Day

















# Basant Panchami



# Live, Laugh & Love

**Helping seniors makes the world a better place**



# Har Ghar Tiranga



# National Workshop
## On
### Statistical Techniques for Data Analysis


National Workshop
on
Statistical Techniques for Data Analysis
Date : April 20/04/2023 to 21/04/2023
Time: 10:00 AM

Name ..............................
Designation ..............................
Affiliation ..............................
Full postal address ..............................
..............................
Cell ..............................
E-mail Id..............................
Accommodation Required Yes.............No.............
**Details of registration fees Cash/DD/Online**
Receipt No..............................DD No...............
Bank Name..............................
Branch ..............................
Amount ..............................
Online Details ..............................
**The registration form of Research Scholar/Student will be forwarded by the Dean/Director/HOD/Supervisor.**
Phon Pay, Google Pay, Paytm Accepted Here :-
ACCEPTED HERE
Scan & Pay Using PhonePe App

PATRON
*Shri Rajan Kumar Dubey*
**Chairman**
Shaildevi Mahavidyalaya
Anda, Durg (C.G.)

CHIEF GUEST
*Dr. Aruna Palta*
**Honorable Vice Chancellor**
Hemchand Yadav Vishwavidyalaya
Durg (C.G.)

CONVENER
*Dr. Rajani Singh*
(Asst.Prof. Education)

CO-CONVENER
*Mrs. Namita Dubey*
(Asst.Prof. Education)

ADVISORY BOARD
*Dr. K.N. Mishra*
*Dr. Rashmi Pandey*

MEMBERS
1) Mrs. Reema Dubey (Assistant Professor, Education)
2) Mrs.Ranjana Solanki (Assistant Professor, Education)
3) Mrs.Manisha Verma (Assistant Professor, Education)
4) Mr. Ravi Dubey (Assistant Professor, Education)
5) Mrs.Heera Manikpuri (Assistant Professor, Education)
6) Miss. Rekha Jivnani (Assistant Professor, Education)
7) Mr. Shyam Sundar Patanaik (Assistant Professor, Education)
8) Mr. Jeetesh Mishra (Assistant Professor, Commerce)

TECHNICAL SUPPORT
*Mr. Rajesh Kumar Sonwani*
*Mr. Pikeshwar Sahu*

NATIONAL WORKSHOP
ON
Statistical Techniques For Data Analysis
April 20/04/2023 to 21/04/2023
Organized By
Shaildevi Mahavidyalaya, Anda, Durg

Our Eminent Speakers
Key Note Speaker
Dr. Vyash Dubey
Professor & Head, Department of Statistics
Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.)

Dr. Shruti
Associate Professor
Statistics
School of Sciences
Rajarshi Tandon Open University
Prayagraj

Dr. Raksha Singh
Professor
Department of Economics
Indira Gandhi National Tribal University
Amarkantak (M.P.)

SHAILDEVI MAHAVIDYALAYA
ANDA, DURG (C.G.)
Contact No. - 9575037637, 8889963254
E-mail : shaildevicollege@gmail.com
www.shaildevi.com
















































# Annual Sports




















# Annual Day



# Placement




SHRI HARI
PUBLIC SCHOOL
AFFIATED TO CBSE
NEW DELHI
AFFI. NO. 3330398
WELCOME YOU


IQAC CELL

SHRI HARI
PUBLIC SCHOOL

शैलदेवी महाविद्यालय




SHRI HARI
PUBLIC SCHOOL

SHRI HARI
PUBLIC SCHOOL
AFFIATED TO CBSE
NEW DELHI
AFFI. NO. 3330398
WELCOME YOU

शैलदेवी महाविद्यालय



SHAILDEVI MAHAVIDYALAYA
Open Placement
Drive
Organized by
Education Department
13 March 2023
Anda, Durg

# Community Camp































# Summer Classes

## आओ कुछ नया सीखें



बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

## शैलदेवी महाविद्यालय
**Shaildevi Mahavidyalaya**

अंडा, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491221
Anda, Durg, Chhattisgarh-491221

Tel : 0788-2611436
Cell : 95750 37637, 6265377477
E-mail : shaildevicollege@gmail.com
Website : www.shaildevi.com
Facebook : Shaildevi Mahavidyalaya
Instagram : shaildevi_mahavidyalaya

**CITY CENTRE**
**RAJAN'S CAREER PVT. LTD.**

Near Gayatri Mandir,
Sector-6, Bhilai Nagar,
Distt. - Durg (C.G.)
Chhattisgarh-490 006
Cell : 9893287894, 9981639240
Facebook : Rajan Kumar Dubey
Instagram : rcpl.bhilai